# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2013

# इंटरमीडिएट परीक्षा - 2013

## (ANNUAL / वार्षिक)

# ECONOMICS

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

BiharboardQuestionpaper.com

SECTION - A

1. निम्नलिखित प्रश्न संख्या 1 से 25 में केवल एक ही उत्तर सही है। प्रत्येक प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से आपको सही उत्तर चुनना है :

1. व्यष्टि अर्थशास्त्र अध्ययन है

(a) राष्ट्रीय आय का

(b) राष्ट्रीय उत्पादन का

(c) एक विशिष्ट फर्म का

(d) इनमें से सभी का

2. निम्न में से किसमें निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र का सह-अस्तित्व होता है ?

(a) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था

(b) समाजवादी अर्थव्यवस्था

(c) मिश्रित अर्थव्यवस्था

(d) इनमें से कोई नहीं

3. उत्पादन संभावना वक्र की अवधारणा जुड़ी है

(a) सैम्यूल्सन से

(b) मार्शल से

(c) हिक्स से

(d) रॉबिन्स से

4. निम्नांकित से कौन आर्थिक वस्तु है ?

(a) टेलीविजन

(b) हवा

(c) सूर्य की रोशनी

(d) नदी का पानी

5. निम्न में से कौन धन की विशेषता है ?

(a) उपयोगिता

(b) सीमितता

(c) विनिमय साध्यता

(d) इनमें से सभी

6. सम-सीमान्त उपयोगिता नियम के प्रतिपादक हैं

(a) गोसेन

(b) पीगू

(c) एडम स्मिथ

(d) रिकार्डो

BiharboardQuestionpaper.com

7. माँग वक्र नीचे झुकती है बायें से

(a) दाहिनी ओर

(b) बायीं ओर

(c) सीधे

(d) इनमें से कोई नहीं

8. जब कुल उपयोगिता अधिकतम होती है, तब सीमान्त उपयोगिता

(a) शून्य होती है

(b) ऋणात्मक होती है

(c) धनात्मक होती है

(d) इनमें से कोई नहीं

9. निम्नांकित सारणी से माँग की लोच ज्ञात करें

| प्रति इकाई मूल्य (रुपये में) | मांगी गई मात्रा (किग्रा. में) |
|---|---|
| 10 | 20 |
| 9 | 25 |

(a) 2.00

(b) 2.50

(c) 3.00

(d) 3.50

10. माँग की लोच मापने के लिए प्रतिशत या आनुपातिक रीति का प्रतिपादन किसने किया?

(a) मार्शल

(b) फ्लक्स

(c) हिक्स

(d) रॉबिन्स

BiharboardQuestionpaper.com

11. ऊँचा मूल्य

(a) कम पूर्ति

(b) अधिक माँग

(c) समान पूर्ति

(d) कम माँग

12. अवसर लागत को कहा जाता है

(a) बाह्य लागत

(b) आंतरिक लागत

(c) हस्तांतरण आय

(d) मौद्रिक लागत

13. परिवर्तनशील अनुपात का नियम उत्पादन की तीन अवस्थाओं की चर्चा करता है, जिसमें उत्पादन के प्रथम चरण में

(a) सीमान्त और औसत उत्पादन बढ़ते हैं।

(b) सीमान्त उत्पादन बढ़ता है, लेकिन औसत उत्पादन घटता है

(c) केवल औसत उत्पादन बढ़ता है

(d) केवल सीमान्त उत्पादन बढ़ता

14. वस्तु को पूर्ति के निर्धारक तत्व कौन है ?

(a) वस्तु की कीमत

(b) स्थानापन्न वस्तु की कीमत

(c) उत्पादन के साधनों की कीमत

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

15. $e_s = 0$ का अर्थ है कि पूर्ति की लोच

(a) पूर्णतः लोचदार है

(b) पूर्णतः बेलोचदार है

(c) इकाई लोचदार है

(d) इनमें से कोई नहीं

16. अल्पकालीन औसत लागत वक्र सामान्यतः होता है।

(a) S-आकार का

(b) U-आकार का

(c) L-आकार का

(d) V-आकार का

17. औसत आय है

(a) $\frac{TR}{Q}$

(b) $\frac{\Delta Q}{P}$

(c) $\frac{\Delta TR}{\Delta Q}$

(d) $\frac{AR}{Q}$

18. प्रत्येक बाजार दशा में एक फर्म के संतुलन के लिए कौन-सी शर्त पूरी होनी आवश्यक है?

(a) औसत आय (AR) = सीमान्त लागत (MC)

(b) सीमान्त आय (MR) = सीमान्त लागत (MC)

(c) सीमान्त लागत (MC) वक्र सीमान्त आय (MR) वक्र को नीचे से काटे

(d) (b) और (c) दोनों

BiharboardQuestionpaper.com

19. रिकार्डो के अनुसार पूर्ण प्रतियोगिता में मूल्य निर्धारण होता है।

(a) आवश्यकता द्वारा

(b) माँग द्वारा

(c) उत्पादन लागत द्वारा

(d) उपयोगिता द्वारा

20. रोजगार, ब्याज और मुद्रा का सामान्य सिद्धान्त' नामक पुस्तक के लेखक हैं

BiharboardQuestionpaper.com

(a) केन्स

(b) मार्शल

(c) हिक्स

(d) पीगू

21. कौन-सा कथन सत्य है ?

(a) गुणक (K) = $\frac{1}{\text{सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति (MPC)}}$

(b) गुणक (K) = $\frac{1}{\text{सीमान्त बचत प्रवृत्ति (MPS)}}$

(c) गुणक (K) = $\frac{1}{1-\text{सीमान्त बचत प्रवृत्ति (MPS)}}$

(d) गुणक (K) = $\frac{1}{1+\text{सीमान्त बचत प्रवृत्ति (MPS)}}$

22. स्फीतिक अंतराल माप है

(a) अतिरेक मांग की

(b) अतिरेक पूर्ति की

(c) अल्प माँग की

(d) इनमें से कोई नहीं

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

23. किसने कहा, "मुद्रा वह धुरी है जिसके चारों और समस्त अर्थविज्ञान चक्कर काटता है"

(a) एडम स्मिथ

(b) पीगू

(c) मिल

(d) मार्शल

24. निम्न में से कौन मात्रात्मक साथ नियंत्रण का तरीका नहीं है?

(a) बैंक दर नीति

(b) साख को राशनिंग

(c) खुले बाजार की क्रियाएँ

(d) नकद कोष अनुपात में परिवर्तन

25. भुगतान शेष की संरचना में कौन-सा खाता शामिल होता है ?

(a) चालू खाता

(b) पूँजी खाता

(c) (a) एवं (b) दोनों

(d) बचत खाता

II. निम्नलिखित प्रश्न से 26 से 30 में दो कथन दिए गये हैं-कथन-I तथा कथन-II इन दोनों कथनों को ध्यान से पढ़ें तथा नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प को चुनें:

(a) दोनों कथन सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

(b) दोनों कथन सही हैं, परन्तु कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

BiharboardQuestionpaper.com

(c) कथन-I सही है, परन्तु कथन-II असत्य है

(d) कथन-I असत्य है, परन्तु कथन-II सही है

26. कथन-I : आर्थिक समस्या मूलतः चुनाव की समस्या है।

कथन-II : अर्थशास्त्र धन का विज्ञान है।

27. कथन-I : उत्पादन संभावना वक्र मूल बिन्दु के प्रति नतोदर होता है।

कथन-II : उत्पादन संभावना वक्र बायें से दायें नीचे की ओर गिरता है।

28. कथन-I : ऊँचा मूल्य पर कम माँगा

कथन-II : माँग का नियम गिफिन वस्तुओं पर लागू नहीं होता है।

29. कथन-I : नरसिम्हम कमिटी का गठन मौद्रिक क्षेत्र के सुधारों के लिए किया गया।

कथन-II : नरसिम्हम कमिटी का गठन 14 अगस्त, 1991 को हुआ।

30. कथन-I : पूर्ति अपनी माँग स्वयं बना लेती है।

कथन-II : मुद्रा एक अच्छी सेविका है, पर बुरी स्वामिनी।

III. प्रश्न संख्या 31 से 34 तक में दो स्तंभ दिए गए हैं। स्तम्भ-I की प्रविष्टियों को स्तम्भ-II में दिये गये विकल्पों से सही-सही युग्मित करें

| स्तम्भ-I | स्तम्भ-II |
|---|---|
| 31. उपयोगिता का क्रमसूचक उपागम | (a) एडम स्मिथ |
| 32. वेल्थ ऑफ नेशन्स | (b) पीगू |
| 33. कल्याण अर्थशास्त्र | (c) हिक्स एवं एलेन |
| 34. प्रभावपूर्ण मांग | (d) केन्स |

BiharboardQuestionpaper.com

IV. प्रश्न संख्या 35 से 37 में दो स्तम्भ दिए गए एक उद्धरण दिया गया है। इस उद्धरण को सावधानी से पढ़कर समझें तथा इसके बाद नीचे दिये गये तीन प्रश्नों के सही उत्तर दिये गये विकल्पों में से चुनें:

उद्धरण : आपके पिता या माता या दोनों एक ही कार्यालय में काम करते हैं। क्यों ? आवश्यकताओं की संतुष्टि के लिए। उन्हें भोजन, वस्त्र, आवास, फर्नीचर, दवाई, स्कूल-फीस और अन्य बहुत सारी वस्तुओं का प्रबंध करना होता है। कठिन श्रम के बावजूद आपके माता-पिता आपकी सभी जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ होते हैं। क्यों ? क्योंकि आवश्यकताएँ असीमित हैं तथा साधन सीमित । इसलिए हमें अति आवश्यक आवश्यकताओं तथा कम आवश्यक आवश्यकताओं के बीच चुनाव करना पड़ता है।

35. किसके लिए प्रत्येक व्यक्ति काम कर रहा है ?

(a) भोजन

(b) वस्त्र

(c) आवास

(d) आवश्यकताओं की संतुष्टि

36. आवश्यकताएँ हैं

(a) दुर्लभ

(b) सीमित

(c) असीमित

(d) कम

37. हमें चुनाव क्यों करना पड़ता है ? चूंकि

(a) आवश्यकताएँ अनंत है

(b) साधन सीमित है

BiharboardQuestionpaper.com

(c) साधनों का वैकल्पिक प्रयोग हो सकता है

(d) इनमें से सभी

## SECTION - B

प्रश्न संख्या 1 से 10 लघु उत्तरीय प्रश्न है। सभी प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित है।

1. एक अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्याएँ क्या है ?

2. इच्छा तथा मांग में अंतर करें।

3. 4 रु प्रति इकाई कीमत पर किसी वस्तु की बाजार माँग 100 इकाई है। कीमत बढ़ती है फलतः इसकी माँग घटकर 75 इकाई रह जाती है। यदि उस वस्तु की माँग की कीमत लोच 1 है तो नई प्रति इकाई कीमत ज्ञात करें।

4. रेखाचित्रों की सहायता से पूर्ण प्रतियोगिता, एकाधिकार तथा एकाधिकारी प्रतियोगिता में औसत आय (AR) वक्र तथा सीमान्त आय (MR) वक्र को दिखाएँ।

5. बाजार कीमत और सामान्य कीमत में अंतर करें।

6. खाद्यान्न उपलब्धता गिरावट (FAD) सिद्धान्त से आप क्या समझते हैं ?

अथवा

समष्टि अर्थशास्त्र से आप क्या समझते है ? समष्टि अर्थशास्त्र के क्षेत्र का वर्णन करें।

7. पूर्ण रोजगार, ऐच्छिक बेरोजगार तथा अनैच्छिक बेरोजगार को परिभाषित करें।

8. निवेश गुणक क्या है ? उदाहरण के साथ वर्णन करें।

9. मुद्रा के मुख्य कार्य क्या हैं ?

10. प्रत्यक्ष कर तथा अप्रत्यक्ष कर में अंतर करें।

BiharboardQuestionpaper.com

प्रश्न संख्या 11 से 15 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित हैं।

11. उत्पादन संभावना वक्र क्या है ? यह मूल बिन्दु की ओर नतोदर क्यों होता है ?

12. माँग के नियम का कथन उद्धत कीजिए। माँग वक्र का ढलान क्यों नीचे की ओर होता है?

13. माँग की कीमत लोच से आप क्या समझते हैं ? माँग की कीमत लोच को विभिन्न श्रेणियाँ क्या है

14. अर्थव्यवस्था के प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्रों से आप क्या समझते हैं ?

अथवा

स्फीतिक अंतराल क्या है ? अतिरेक माँग के कारणों को बताइए।

15. केन्द्रीय बैंक और व्यावसायिक बैंक में अंतर करें।

अथवा

विदेशी विनिमय दर को परिभाषित करें। स्थिर और लोचपूर्ण विनियम दर में अंतर करें।

BiharboardQuestionpaper

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

BiharboardQuestionpaper.com